देवघर
बुधवार, 28 जनवरी 2026
माघ शुक्ल पक्ष दशमी, विक्रम संवत् 2082
मूल्य ₹ 2.00 कुल पृष्ठ 12
epaper.indianpunch.com
वर्ष: 45, अंक: 27, रजिस्ट्रेशन: 39728/84
संताल परगना से प्रकाशित प्रथम हिन्दी दैनिक
इंडियन पंच
तटस्थ दिखे, निष्पक्ष लिखे
आसनसोल रेल मंडल ने उत्साह से मनाया... 9

दिल्ली पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस व वार्षिक खेल दिवस हर्षोल्लास से संपन्न

आसनसोल। संवाददाता। आसनसोल में देश का 77वां गणतंत्र दिवस एवं वार्षिक खेल दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, अनुशासन और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस भव्य आयोजन की मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानाचार्या सुश्री विनीता श्रीवास्तव एवं गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में इंडियन नेशनल शूटिंग टीम के सदस्य अभिनव शॉ की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके उपरांत विद्यालय के चारों सदनों–गंगा, रावी, यमुना एवं झेलम के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट प्रतियोगिता में झेलम हाउस ने अपने उत्कृष्ट सामंजस्य का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रों द्वारा विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताओं का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। विशेष रूप से रिले रेस दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें विद्यार्थियों ने अद्भुत तालमेल, गति और खेल भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत पिरामिड निर्माण, सामूहिक नृत्य एवं सामूहिक गान की अत्यंत मोहक प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों की शारीरिक दक्षता, अनुशासन एवं रचनात्मकता को उजागर किया। खेल दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं के आधार पर यमुना हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि सुश्री विनीता श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि "खेल जीवन में अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना विकसित करते हैं। जो छात्र परीक्षाओं के चलते खेल दिवस में भाग नहीं ले पाए प्रधानाचार्या महोदया ने उनकी अनुपस्थिति के लिए खेद जताया। संपूर्ण वर्ष के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर झेलम हाउस को सर्वश्रेष्ठ हाउस घोषित किया गया। इसके पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विजेता सदनों एवं प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्र नेता आयुष चौधरी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।